Roll No. : ......................................

Total No. of Questions : **5** ] [ Total No. of Printed Pages : **8**

# A–150

## B.A. (Part–I) (NC) Examination, 2023

## GENERAL HINDI

(Compulsory)

*Time : 3 Hours* ] [ *Maximum Marks : **100***

**नोट** :– प्रश्न-पत्र **5** इकाइयों में विभाजित है। निर्देशानुसार प्रश्न हल करने हैं।

**इकाई–I**

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए **:**

(अ) जहाँ भूख और बीमारियों से लड़कर भी मनुष्यों के बालकों में क्रांति को चिरजीवी रखने का अपराजित साहस है, वह राष्ट्र कभी भी नहीं मर सकेगा। हड्डी-हड्डी से लड़ने वाले यह योद्धा जीवन की महान शक्ति को अभी तक अपने में जीवित रख सकते हैं। संसार कहता है, स्टालिनग्राद में लोग खंडहरों में से लड़े थे और उन्होंने दुश्मन के दाँत खट्टे कर दिए । उन्होंने बर्बरता की धारा को रोककर रूस को गुलाम होने से बचा दिया। किन्तु मैं पूछता हूँ क्या शिद्धिरगंज दूसरा स्टालिनग्राद नहीं ? मनुष्य भूख से तड़प-तड़पकर यहाँ जाने दे चुके हैं, वे भीषण रोगों का शिकार हो चुके हैं, उनके घर खंडहर हो गए हैं, कब्रों से जमीन ढँक गई है, नदियों में लाशों की सड़ाँध एक दिन दूर-दूर तक फैल गई थी, किन्तु मनुष्य का साहस जीवित है।

(शब्द सीमा **150** शब्द–**5** अंक)

**अथवा**

मनुष्य जाति की नासमझी का इतिहास क्रूर और लम्बा है। प्राय: सभी युगों में मनुष्य ने अपने में से श्रेष्ठतम, पर समझ में न आने वाले व्यक्ति को छाँटकर, कभी उसे विष देकर, कभी सूली पर चढ़ाकर और कभी गोली का लक्ष्य बनाकर अपनी बर्बर मूर्खता के इतिहास में नए पृष्ठ जोड़े हैं। प्रकृति और चेतना न जाने कितने निष्फल प्रयोगों के उपरांत ऐसे मनुष्य का सृजन कर पाती हैं, जो अपने स्रष्टाओं से श्रेष्ठ हो। (शब्द सीमा **150** शब्द–**5** अंक)

(ब) जिस प्रकार एक लेखक के लिए कलम, एक सितारवादक के लिए सितार और एक तबलची के लिए तबला जरूरी है उसी प्रकार एक चित्रकार के लिए तूलिका या ब्रुश का होना बहुत जरूरी है। बिना तूलिका के वह अधूरा है। तूलिका ही चित्रकला को अभिव्यक्त करने का साधन है। (शब्द सीमा **150** शब्द–**5** अंक)

**अथवा**

यूनान के सबसे बड़े ओरेटर (वक्ता) मेगस्थनीज ने जीवनभर फिलिप और सिकन्दर का विरोध किया। ये भाषण उपलब्ध हैं, उसे अमर कर गए हैं। एथेंस को जीतकर सिकन्दर ने वहाँ के लोगों को गुलाम बनाया। उसके मरने पर वहाँ चिराग जलाकर लोगों ने खुशियाँ मनाई। अरस्तू के भतीजे को उसने मार डाला था, बाद को गुरूजी की खटक गई थी। राजनीति में चाणक्य के मुकाबले अरस्तू फीका है। किसानों, कारीगरों, स्त्रियों, दासों यहाँ तक कि व्यापारियों को भी राजनीतिक अधिकार देने का विरोधी है। (शब्द सीमा **150** शब्द–**5** अंक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(स) हजारीप्रसाद द्विवेदी ने 'कुटज' निबन्ध में कुटज की किन विशेषताओं की ओर संकेत किया है ?
(शब्द सीमा **250** शब्द–**7** अंक)

**अथवा**

'पृथ्वीराज की आँखें' एकांकी का सार लिखिए। (शब्द सीमा **250** शब्द–**7** अंक)

(द) मुंशी प्रेमचन्द 'स्वामी विवेकानंद' जीवनी में विवेकानंद की किन विशेषताओं का चित्रण करते हैं ? (शब्द सीमा **250** शब्द–**7** अंक)

**अथवा**

डॉ. रामविलास शर्मा 'भैया के नाम पाती' में अपने भाई को क्या बताते हैं ?

(शब्द सीमा **250** शब्द–**7** अंक)

**इकाई–II**

2. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(अ) ना हरि रीझै जप तप कीन्हे, ना काया के जारे।
ना हरि रीझै धोती छाँड़े, ना पाँचों के मारे॥
दया राखि धर्म को पालै, जग से रहे उदासी।
अपना सा जीव सबको जानै, ताहि मिलै अविनाशी॥
सहै कुशब्द वाद को त्यागै, छाँड़े गर्व गुमाना।
सतनाम ताहि को मिलि है, कहे कबीर सुजाना॥ (शब्द सीमा **150** शब्द–**5** अंक)

**अथवा**

अरुण यह मधुमय देश हमारा।
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को, मिलता एक सहारा॥
सरस तामरस गर्भ विभा पर, नाच रही तरुशिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर, मंगल कुंकुम सारा॥
लघु सुरधनु से पंख पसारे, शीतल मलय समीर सहारे।
उड़ते खग जिस ओर मुँह किए, समझ नीड़ निज प्यारा॥ (शब्द सीमा **150** शब्द–**5** अंक)

(ब) मैं फिर जन्म लूँगा

फिर मैं

इसी जगह आऊँगा

उचटती निगाहों की भीड़ में

अभावों के बीच

लोगों की क्षत-विक्षत पीठ सहलाऊँगा

लँगड़ाकर चलते हुए पाँवों को

कंधा दूँगा

गिरी हुई पद-मर्दित पराजित विवशता को

बाँहों में उठाऊँगा। (शब्द सीमा **150** शब्द-**5** अंक)

**अथवा**

पत्थर भी बोलते हैं

जब चिड़ियों का झुंड

बैठ जाता है उन पर,

और वे चहकती हैं आपस में!

पत्थर के ये बोल

मुझे मीठे लगते हैं,

और हृदय में रस भरते हैं

अंगूरों से निकला

मीठा-मीठा ताजा! (शब्द सीमा **150** शब्द-**5** अंक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(स) मीरा के काव्य में भक्तिभावना स्पष्ट कीजिए। (शब्द सीमा **250** शब्द–**7** अंक)

**अथवा**

'भूलोक का गौरव' कविता में गुप्त जी भारतीय जनमानस में आए किन परिवर्तनों का चित्रण करते हैं ? (शब्द सीमा **250** शब्द–**7** अंक)

(द) नागार्जुन की कविता 'प्रेत का बयान' की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।

(शब्द सीमा **250** शब्द–**7** अंक)

**अथवा**

निर्मला पुत्तुल की कविता 'आओ मिलकर बचाएँ' में वे क्या बचाने का आग्रह करती हैं ?

(शब्द सीमा **250** शब्द–**7** अंक)

## इकाई–III

3. (अ) निम्नलिखित गद्यांशों का संक्षिप्तीकरण कीजिए और शीर्षक दीजिए :

घृणा और भय की प्रवृत्ति एकसी है। दोनों अपने-अपने विषयों से दूर होने की प्रेरणा करते हैं। परन्तु भय का विषय भावी हानि का अत्यन्त निश्चय कराने वाला होता है और घृणा का विषय उसी क्षण इन्द्रिय या मन के व्यापारों में संकोच उत्पन्न करने वाला। घृणा के विषय में यह समझा जाता है कि जिस प्रकार का दुख यह दे रहा है उसी प्रकार का देता जाएगा पर भय के विषय में यह समझा जाता है कि अभी और प्रकार का अधिक तीव्र दुख देगा।

(**3+2=5** अंक)

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का पल्लवन कीजिए :

(i) कर्म ही पूजा है।

(ii) अहिंसा परमो धर्मः।

(iii) जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान है।

(iv) ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय। (**2+2=4** अंक)

(स) निम्नलिखित युग्म-शब्दों में से किन्हीं **दो** का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए :

(i) बात-वात

(ii) अशक्त-आसक्त

(iii) नीरज-नीरद

(iv) शुल्क-शुक्ल (**2+2=4** अंक)

(द) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** लोकोक्तियों/मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) चंदन विष व्यापै नहीं लिपटे रहत भुजंग।

(ii) अपनी डफली अपना राग।

(iii) कर ले सो काम भज ले सो राम।

(iv) हाथी के पाँव में सबका पाँव।

(v) छाती पर पत्थर रखना।

(vi) गले पड़ा ढोल बजाना।

(vii) एक आँख से देखना।

(viii) रास्ते पर आना। (**5** अंक)

(य) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों की वर्तनी शुद्ध कर लिखिए :

(i) महत्व

(ii) भागीरथ

(iii) अनुवादित

(iv) ओचित्य (**2** अंक)

(र) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध कर लिखिए :

(i) मैं अनेकों विद्वानों से मिला हूं।

(ii) शेर को देखकर उसका प्राण सूख गया।

(iii) तुम मोहन को देखे हो।

(iv) हमें अपना निजी काम करना चाहिए। (**2** अंक)

## इकाई–IV

4\. (अ) अनुवाद का महत्व स्पष्ट कीजिए। (शब्द सीमा **50** शब्द–**3** अंक)

**अथवा**

अनुवाद के आदर्श क्या हैं ? आदर्श अनुवाद के गुण क्या हैं ?

(शब्द सीमा **50** शब्द–**3** अंक)

(ब) अनुवाद की विशेषताएँ बताइए। (शब्द सीमा **50** शब्द–**3** अंक)

**अथवा**

अनुवाद के सिद्धान्तों पर प्रकाश डालिए। (शब्द सीमा **50** शब्द–**3** अंक)

(स) निम्नलिखित में से किसी **एक** अनुच्छेद का हिन्दी अनुवाद कीजिए :

डूंगर री चोटी परां चढ'र कीड़ी नीचै देख्यो तो हाथी बकरी जतो'र ऊंट सुसियै जतो'क ही लाग्यो। कीड़ी छणी राजी हू र बोली–अबै को डरूं नीं। बैम स्यूं ही बड़ाळ दीखै हा। खाथी खाथी चाल र नीचै आई तो फेरूं हाथी डूँगर जतो'र ऊंट हाथी जतो क ही दीख्यो। छबड़ा र डूंगर ने पूछ्यो, चनेक में ही ओ फरक पाछो कियां पड़ग्यो ?

डूंगर मुलक'र बोल्यो—पैली आंख्यां थारी पण पग म्हारा हा, अबै आंख्यां अर पग दोन्यूं थारा निज रा है। (कन्हैयालाल सेठिया)

(**9** अंक)

**अथवा**

No society can exist and progress without fostering ethical and spiritual values in its people. These constitute the integrating principle in any society. Like the cement which holds together separate bricks in an edifice, love, respect, consideration for others and other ethical and social values hold together various individuals and groups in a country as a unified people. (T.S. Avinashilingam)

(**9** अंक)

**इकाई–V**

5. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए। :

(i) राजस्थान के संत-भक्त।

(ii) मातृभाषा का महत्त्व।

(iii) साम्प्रदायिकता समाज के लिए विष।

(iv) नशा नाश का द्वार।

(v) पर्यावरण संरक्षण। (शब्द सीमा **350** शब्द-**10** अंक)

(ब) महाविद्यालय प्राचार्य को विषय परिवर्तन हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

(शब्द सीमा **100** शब्द-**5** अंक)

**अथवा**

अपने क्षेत्र में पानी की नियमित आपूर्ति करवाने हेतु जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को पत्र लिखिए। (शब्द सीमा **100** शब्द-**5** अंक)